

सड़कों से लेकर कोर्ट तक लगे बैनर पोस्टर



चाक चौबंद रही सुरक्षा व्यवस्था



पंपलेट देकर मतदाताओं को लुभाते अधिवक्ता

चुनाव | 80 .84 प्रतिशत मतदान के साथ थमा जिला बार चुनाव का शोर, मतपेटियों में कैद प्रत्याशियों की किस्मत


# बैनर, पोस्टर, कैंप और जोश... लोकतांत्रिक रंग में रंगा जिला न्यायालय परिसर

**जबलपुर।** जिला अधिवक्ता संघ के बहुप्रतीक्षित चुनाव में सोमवार को अधिवक्ताओं ने लोकतांत्रिक प्रक्रिया के प्रति अपनी गहरी आस्था का परिचय देते हुए उत्साहपूर्वक मतदान किया। सुबह से ही मतदान केंद्रों पर अधिवक्ताओं की लंबी कतारें देखने को मिलीं। वरिष्ठ अधिवक्ताओं से लेकर युवा अधिवक्ताओं तक ने अपने मताधिकार का प्रयोग कर संघ के नए नेतृत्व के चयन में सक्रिय भागीदारी निभाई। पूरे दिन जिला न्यायालय परिसर लोकतंत्र के उत्सव का केंद्र बना रहा, जहां चुनावी सरगर्मी, समर्थकों की सक्रियता और मतदाताओं का उत्साह देखने लायक रहा।

अधिवक्ताओं ने लोकतंत्र के इस पर्व में बढ़-चढ़कर भाग लेते हुए रिकॉर्ड 80.84 प्रतिशत मतदान दर्ज कराया। कुल 3315 मतदाताओं में से 2685 अधिवक्ताओं ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया। मतदान केंद्र पर सुबह से ही अधिवक्ताओं की लंबी कतारें लगी रहीं और पूरे दिन बार परिसर चुनावी सरगर्मियों से गुलजार रहा। मालूम हो कि 19 जुलाई को मतदान के दौरान हुए विवाद और चुनाव निरस्त होने के बाद इस बार चुनाव प्रशासन ने सुरक्षा और व्यवस्थाओं पर विशेष ध्यान दिया। चुनाव अधिकारी दिनेश उपाध्याय के नेतृत्व में पूरी प्रक्रिया शांतिपूर्ण, निष्पक्ष और सुव्यवस्थित ढंग से संपन्न हुई। चुनाव सहायता समिति के सदस्यों और सहयोगी अधिकारियों ने भी मतदान को सफल बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। मतदान समाप्त होने के बाद कई प्रत्याशियों ने निष्पक्ष चुनाव कराने के लिए चुनाव अधिकारियों की सराहना की।

## सड़कों से लेकर कोर्ट तक लगे बैनर पोस्टर

जिला न्यायालय परिसर के साथ-साथ आसपास की सड़कों पर भी चुनावी माहौल साफ नजर आया। प्रमुख मार्गों और न्यायालय परिसर में विभिन्न प्रत्याशियों के बैनर, पोस्टर और होर्डिंग्स लगाए गए थे।



प्रत्याशियों के समर्थक हाथों में बैनर और पोस्टर लेकर मतदाताओं से अपने पसंदीदा उम्मीदवार के पक्ष में मतदान करने की अपील करते रहे। पूरे दिन परिसर में चुनावी चर्चाओं और जीत-हार के समीकरणों पर अधिवक्ताओं के बीच गहमागहमी बनी रही।

## दिनभर जुटे रहे समर्थक

न्यायालय परिसर के बाहर प्रत्याशियों द्वारा बनाए गए चुनावी कैंप आकर्षण का केंद्र बने रहे। इन कैंपों में समर्थक दिनभर जुटे रहे और मतदान करने पहुंचे अधिवक्ताओं का गर्मजोशी से स्वागत किया। भीषण गर्मी और उमस को देखते हुए मतदाताओं के लिए ठंडा जूस, पानी और हल्के नाश्ते की व्यवस्था की गई थी। अधिवक्ताओं की लगातार आवाजाही के बीच कैंपों में चुनावी रणनीति, समर्थन जुटाने और मतदाताओं से संवाद का सिलसिला पूरे दिन चलता रहा।

## चाक चौबंद थी सुरक्षा व्यवस्था

मतदान प्रक्रिया पूरी तरह शांतिपूर्ण और सुव्यवस्थित माहौल में संपन्न हुई। चुनाव अधिकारियों एवं प्रशासन की निगरानी में मतदान बिना किसी व्यवधान के पूरा हुआ। न्यायालय परिसर के भीतर और बाहर चाक-चौबंद सुरक्षा व्यवस्था रही तथा हर महत्वपूर्ण स्थान पर पुलिस एवं सुरक्षा कर्मियों की तैनाती की गई थी। प्रशासन की सतर्कता के चलते पूरे चुनाव के दौरान कहीं से भी किसी अप्रिय घटना की सूचना नहीं मिली और मतदान शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हुआ।

### फैक्ट फाइल

| | |
|---|---|
| कुल मतदाताओं की संख्या | 3315 |
| कुल मतदाता जिन्होंने मतदान किया | 2685 |
| कुल मतदान प्रतिशत | 80.84 |
| कुल प्रत्याशी मैदान में | 91 |
| कार्यकारिणी के पद | 51 |

## किसके सिर पर सजेगा ताज?

इस बार अध्यक्ष पद के लिए छह प्रत्याशी मैदान में हैं, लेकिन अधिवक्ताओं के बीच सबसे अधिक चर्चा मनीष मिश्रा और नरेंद्र जैन के बीच कड़े मुकाबले को लेकर रही। वहीं सचिव, सहसचिव, कोषाध्यक्ष, पुस्तकालय सचिव और कार्यकारिणी सदस्य सहित अन्य पदों पर भी मुकाबला बेहद रोचक माना जा रहा है। चुनाव प्रचार के दौरान बने समीकरण अब मतपेटियों में बंद हो चुके हैं और सभी प्रत्याशी अपनी-अपनी जीत के प्रति आश्वस्त नजर आ रहे हैं।

मतदान समाप्त होते ही अब जिला बार की निगाहें बुधवार यानि आज सुबह 10 बजे से शुरू होने वाली मतगणना पर टिक गई हैं। संभावना है कि दोपहर तक अध्यक्ष और उपाध्यक्ष पद के नतीजे सामने आ जाएंगे, जबकि इसके बाद अन्य पदों के परिणाम घोषित किए जाएंगे। फिलहाल बार परिसर में सिर्फ एक ही चर्चा है—आखिर अधिवक्ताओं का भरोसा किस प्रत्याशी के सिर जीत का सेहरा बांधेगा और जिला अधिवक्ता संघ की नई कमान किसके हाथों में जाएगी।

### आज आएगे परिणाम

इस बार का चुनाव कई मायनों में महत्वपूर्ण माना जा रहा है। जिला अधिवक्ता संघ के नए पदाधिकारियों के चयन को लेकर अधिवक्ताओं में पहले से ही खासा उत्साह था। यही वजह रही कि सुबह से शाम तक मतदान केंद्रों पर लगातार अधिवक्ताओं की मौजूदगी बनी रही। चुनाव को लेकर प्रत्याशियों और उनके समर्थकों ने भी पूरे दिन सक्रियता बनाए रखी। अब सभी की निगाहें मतगणना और चुनाव परिणाम पर टिकी हैं। परिणाम घोषित होने के बाद जिला अधिवक्ता संघ को नया नेतृत्व मिलेगा, जिससे अधिवक्ताओं को संगठन की मजबूती, न्यायिक सुविधाओं के विस्तार और अधिवक्ता हितों से जुड़े मुद्दों पर प्रभावी पहल की उम्मीद रहेगी।

### भीषण गर्मी में भी कम नहीं हुआ उत्साह

सोमवार को तेज धूप और उमस भरे मौसम के बावजूद अधिवक्ताओं का उत्साह जरा भी कम नहीं हुआ। मौसम की प्रतिकूल परिस्थितियों के बीच भी बड़ी संख्या में अधिवक्ता मतदान केंद्र पहुंचे और धैर्यपूर्वक अपनी बारी का इंतजार कर मतदान किया। वरिष्ठ अधिवक्ताओं के साथ युवा वकीलों की भी उल्लेखनीय भागीदारी रही, जिससे मतदान केंद्रों पर सुबह से शाम तक रौनक बनी रही।

### इनका कहना है



लगभग 80 प्रतिशत रहा मतदान। सभी ने बढ़ चढ़कर मतदान में हिस्सा लिया। आज परिणाम आने है। जिसको लेकर सभी में खुशी देखी जा रही है।

**मनीष मिश्रा, अधिवक्ता**



चुनाव शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न हुए। हम सभी नई चुनाव समिति का धन्यवाद करते हैं। चुनाव को लेकर अधिवक्ताओं में काफ़ी उत्साह देखा गया।

**ज्ञान प्रकाश त्रिपाठी, अधिवक्ता**

# सपनों की कॉलोनी बनी अधूरी बस्ती, 50 परिवारों ने बिल्डर के खिलाफ खोला मोर्चा

**नवभारत, जबलपुर।** तिलवारा क्षेत्र के ग्राम जोतपुर पड़ाव स्थित कॉलोनी में रहने वाले परिवारों ने बिल्डर पर गंभीर आरोप लगाए हैं।

रहवासियों का कहना है की आकर्षक ब्रोशर और बड़े-बड़े वादों के आधार पर प्लॉट बेचने के बाद बिल्डर ने कॉलोनी को भगवान भरोसे छोड़ दिया है। परेशान कॉलोनीवासियों ने कलेक्टर, एसडीएम, ग्राम सचिव, जनपद पंचायत सीईओ, स्थानीय विधायक तथा टाउन एंड कंट्री प्लानिंग सहित कई अधिकारियों को सामूहिक शिकायत सौंपकर कार्रवाई की मांग की है।

शिकायत के अनुसार कॉलोनी विकसित करते समय बिल्डर ने पक्की सड़क, बाउंड्रीवाल, गार्डन, 24 घंटे सुरक्षा व्यवस्था, स्वच्छ एवं सुव्यवस्थित परिसर जैसी मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराने का भरोसा दिया था। लेकिन हकीकत यह है कि अधिकांश कार्य अधूरे पड़े हैं और कई सुविधाओं की शुरुआत तक नहीं हुई। इससे यहां निवास कर रहे लगभग 50 परिवारों को रोजाना कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है।



रहवासियों का आरोप है की बारिश के दिनों में कच्चे रास्तों की स्थिति बदतर हो जाती है, सुरक्षा व्यवस्था नहीं होने से बाहरी लोगों की आवाजाही बनी रहती है , सार्वजनिक स्थानों के विकास के अभाव में कॉलोनी अव्यवस्थित होती जा रही है। लोगों का कहना है की उन्होंने कई बार बिल्डर से मौखिक और लिखित शिकायतें कीं, लेकिन हर बार केवल आश्वासन मिला, समाधान नहीं।

कॉलोनीवासियों ने शिकायत पत्र के साथ कॉलोनी का ब्रोशर, रजिस्ट्री एवं प्लॉट संबंधी दस्तावेज, अधूरे विकास कार्यों के फोटो तथा रहवासियों के हस्ताक्षर भी संलग्न किए हैं। उनका कहना है की यदि स्वीकृत लेआउट के अनुसार विकास कार्य नहीं कराए गए तो बड़ी संख्या में परिवारों की जीवनभर की जमा-पूंजी संकट में पड़ जाएगी।

रहवासियों ने प्रशासन से मांग की है कि पूरे मामले की निष्पक्ष जांच कराई जाएऔर बिल्डर के खिलाफ नियमानुसार कार्रवाई की जाए तथा स्वीकृत लेआउट के अनुरूप सभी विकास कार्य तत्काल पूर्ण कराए जाएं। आक्रोशित कॉलोनीवासियों ने जल्द कार्रवाई नहीं होने पर व्यापक आंदोलन की चेतावनी दी है।

# बेलगाम ट्रक ने 100 मीटर तक कार को घसीटा

**ओवरटेक करने के चक्कर में हुआ हादसा, शिक्षक और अधिवक्ता बाल-बाल बचे**

**नवभारत, जबलपुर।** माढ़ोताल थाना अंतर्गत पाटनरोड सूखा हनुमान मंदिर के सामने ओवरटेक करने के चक्कर में एक तेज रफ्तार ट्रक चालक ने लापरवाही पूर्वक गाड़ी चलाते हुए आगे चल रही कार को जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर के बाद कार ट्रक में फंसकर करीब 100 मीटर तक घिसटती चली गई। गनीमत यह रही कि कार में सवार शिक्षक और अधिवक्ता साथियों को कोई गंभीर चोट नहीं आई।

पुलिस के मुताबिक कटनी के रंगनाथ नगर निवासी रिजवान हसन खान केसीएस गर्ल्स हायर सेकेंडरी स्कूल में शिक्षक है वे अपने कर्मचारी अभिषेक गुप्ता और अधिवक्ता संजय चौदहा के साथ कार क्रमांक एमपी 21 सीए 6072 से सुखसागर मेडिकल कॉलेज, जा रहे थे। जब उनकी कार श्रीराम कृष्ण नेत्रालय के सामने पहुंची, तभी पीछे से आ रहे ट्रक क्रमांक जीजे 23 एडब्ल्यू 2483 ने दाहिने तरफ से ओवरटेक करने का प्रयास किया। ट्रक चालक ने इतनी लापरवाही से गाड़ी चलाई कि ट्रक का हिस्सा कार के दाहिने हिस्से से टकरा गया। कार ट्रक में फंस गई और सड़क पर 100 मीटर तक घिसटती रही। इस दुर्घटना में कार के दाहिने तरफ के दोनों दरवाजे पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गए। कार में बैठे तीनों लोगों ने इस पूरे भयानक मंजर को अपनी आंखों से देखा। राहत की बात यह रही कि इतनी बड़ी टक्कर के बाद भी कार सवार किसी भी व्यक्ति को चोट नहीं आई।




# डेरी एवं किराना दुकानों में छापेमारी, 17 किलो नमकीन जब्त, नमूने लिए

**जबलपुर।** दूषित एवं मिलावटी खाद्य पदार्थों के विक्रय पर लगाम कसने मंगलवार को खाद्य सुरक्षा अधिकारियों ने दूध डेयरी, किराना एवं जनरल स्टोर में छापेमारी की । इस दौरान नमकीन, दलिया के पैकेट जब्त किए गए ।

खाद्य सुरक्षा अधिकारी अमित गुप्ता से प्राप्त जानकारी के अनुसार खाद्य सुरक्षा अधिकारियों की टीम ने ग्राम खिरिया स्थित श्री गुरुकृपा दुग्ध भंडार के निरीक्षण में में दूध, दही, पनीर एवं घी के नमूने जांच करने लिए। इसी क्रम में बरेला स्थित राकेश जैन किराना स्टोर से लगभग 17 किलो नमकीन के पैकेट जब्त किये गये। जब्त किये गए नमकीन के पैकेटों पर निर्माण और अवसान तिथि अंकित नहीं थी।

खाद्य सुरक्षा अधिकारियों द्वारा ग्राम बम्हनी थाना बरेला के प्रदीप किराना स्टोर से भी लगभग 15 किलो दलिया के पैकेट जब्त किये गये तथा धनपुरी स्थित श्रीपाल डेरी से जांच के लिए घी का नमूना लिया गया।






















स्वत्वाधिकारी रामगोपाल इन्वेस्टमेंट प्राईवेट लिमिटेड हेतु लेसी एंगेज मीडिया प्रा.लि. के लिए आशीष श्रोती द्वारा नेपियर टाऊन बस स्टैण्ड जबलपुर से प्रकाशित एवं नेपियर टाऊन बस स्टैण्ड जबलपुर से मुद्रित. स्थानीय संपादक अविनाश दीक्षित*, *समाचार चयन के लिए पी.आर.बी. एक्ट के अंतर्गत जिम्मेदार, फोन-0761-4109072, E mail-navbharatjabalpur@gmail.com पो.रजि.नं.201-04/2003 RNI Reg No.1537/57